*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर 'गांधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का आयोजन

वर्धा दि. 4 दिसंबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 29 दिसंबर को दोपहर 2.30 बजे 'गांधी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। प्रतियोगिता में सहभागी होने के लिए 21 दिसंबर तक प्रविष्टी मांगी गयी है। इस आयोजन में महाविद्यालयों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील डिबेटिंग सोसायटी की संयोजक डॉ. अवंतिका शुक्ला तथा सह संयोजक ऋषभ मिश्र ने की है।

## हिंदी विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर 'वाद-विवाद प्रतियोगिता' का आयोजन

वर्धा दि. 4 दिसंबर 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के 18वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 30 दिसंबर को प्रातः 9.00 बजे 'असहिष्णुता के मुद्दे पर पुरस्कार लौटाना राजनीति प्रेरित है' इस विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। विजेता दल को सरोजनी नायडू स्मृति ट्राफी प्रदान की जाएगी और साथ ही प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। प्रतियोगिता का माध्यम हिंदी होगा तथा प्रत्येक वक्ता को पांच मिनट का समय दिया जाएगा। प्रतियोगिता में सहभागी होने के लिए 21 दिसंबर तक प्रविष्टी मांगी गयी है। इस आयोजन में महाविद्यालयों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील डिबेटिंग सोसायटी की संयोजक डॉ. अवंतिका शुक्ला तथा सह संयोजक ऋषभ मिश्र ने की है।